भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4630

(जिसका उत्तर सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र, 1942 (शक) को दिया जाना है।)

करोड़पति

4630. एडवोकेट ए. एम. आरिफ:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत दस वर्षों के दौरान करोड़पतियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान और आज की तारीख के अनुसार देश में वर्ष-वार कितने करोड़पति हैं; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त करोड़पतियों की कुल संपत्तियों का मूल्य कितना है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): प्रत्यक्ष करों के अंतर्गत अरबपति शब्द की कोई विधायी या प्रशासनिक परिभाषा नहीं है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के समक्ष उपलबध सूचना के अनुसार निर्धारण वर्ष 2012-13 से निर्धारण वर्ष 2018-19 तक आयकर विभाग में भरे गए अपने आय कर रिटर्न में जिन्होंने एक वर्ष में अपनी सकल कुल आय 100 करोड़ रुपये (एक अरब रुपये) से अधिक दिखाई है, उन व्यक्तियों की संख्या नीचे सारणी में दी गई है। ऐसे व्यक्तियों के 2008-09 से 2011-12 तक के आंकड़े केंद्रीय रूप से उपलब्ध नहीं है।

सारणी: व्यक्तियों की संख्या जिन्होंने आय कर विभाग में भरे गए अपने आय कर रिटर्न में एक वर्ष में अपनी सकल कुल आय को 100 करोड रुपये से अधिक दिखाया है।

निर्धारण वर्ष	व्यक्तिगत संख्या
2012-13	29
2013-14	27
2014-15	24
2015-16	32
2016-17	38
2017-18	61
2018-19	77

(ग): 01.04.2016 से संपत्ति कर को समाप्त कर दिया गया है और इसलिए सीबीडीटी व्यक्तिगत करदाता की संपत्ति की सूचना को अब एकत्रित नहीं करता है। अत: व्यक्तियों द्वारा दिखाई गई 100 करोड़ रुपये (एक अरब रुपये) से अधिक की सकल कुल आय की कुल संपत्तियों की सूचना केंद्रीय रूप से उपलब्ध नहीं है।

*****